भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1691

उत्तर देने की तारीख : 03.08.2026

ओएसओपी और पीएम-विश्वकर्मा के माध्यम से दिव्यांग कारीगरों की आजीविका का विस्तार

1691. डॉ. सिकंदर कुमार:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एक स्टेशन एक उत्पाद पहल के अंतर्गत दिव्यांगजन विश्वकर्मा लाभार्थियों को आवंटित 28 भौतिक स्टॉलों का राज्य-वार, व्यवसाय-वार तथा रेलवे स्टेशन-वार संरचनात्मक ब्यौरा क्या है;

(ख) इन समर्पित खुदरा बिक्री केंद्रों को अधिक आवाजाही वाले टर्मिनल स्टेशनों से आगे बढ़ाकर द्वितीय श्रेणी तथा तृतीय श्रेणी के रेलवे नेटवर्कों तक विस्तारित करने के लिए रेल मंत्रालय के साथ निर्धारित सटीक संस्थागत रूपरेखा तथा अंतर-मंत्रालयी लक्ष्य क्या हैं; और

(ग) प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के स्तंभों के अंतर्गत दिव्यांग शिल्पकारों की बाजार व्यवहार्यता को बढ़ाने के लिए विशेष रूप से उनके अनुकूल तैयार की जा रही विशिष्ट वित्तीय सहायता, डिजाइन-आधुनिकीकरण उपकरण-किटों तथा अनुकूलित उन्नत कौशल-उन्नयन मॉड्यूलों का संरचनात्मक ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) और (ख) : पीएम विश्वकर्मा स्कीम की शुरुआत दिनांक 17.09.2023 को अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले 18 पारंपरिक ट्रेडो के कारीगरों और शिल्पकारों को समग्र सहायता प्रदान करने के लिए की गई थी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) ने देश भर के रेलवे स्टेशनों पर दिव्यांगजन पीएमवी कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों की बाजार तक पहुंच और उनके ब्रांड की विजिबलिटी के प्रचार-प्रसार के लिए रेल मंत्रालय की वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) स्कीम के साथ सहयोग स्थापित किया है।

आज की स्थिति के अनुसार, विभिन्न ट्रेडों के 37 दिव्यांग विश्वकर्मा लाभार्थियों को ओएसओपी पहल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर स्टालों की सुविधा प्रदान की गई है। ओएसओपी के अंतर्गत राज्य-वार, ट्रेड-वार और रेलवे स्टेशन-वार आवंटन **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ग) : आज की स्थिति के अनुसार, 26,607 दिव्यांगजनों ने पीएम विश्वकर्मा के रूप में सफलतापूर्वक पंजीकरण किया है, जिनमें से 21,147 लाभार्थियों को आधारभूत कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इसके अलावा, उद्यम विकास और व्यवसाय विस्तार के लिए 4,555 लाभार्थियों को 44.47 करोड़ रुपए की कोलेटरल मुक्त ऋण सहायता स्वीकृत की गई है।

****

अनुबंध-I

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं.1691, जिसका उत्तर दिनांक 03.08.2026 को दिया जाना है, के भाग (क और ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-I

ओएसओपी-पीएम विश्वकर्मा के तहत राज्यवार, व्यापार-वार और रेलवे स्टेशन-वार आवंटन

क्र.सं.	राज्य	जिला	रेलवे स्टेशन का नाम	ट्रेड
1	बिहार	गया	गया जंक्शन	कारपेंटर (सुथार/बढ़ई)
2	बिहार	गया	गया जंक्शन	स्कल्पटर (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला
3	दिल्ली	नई दिल्ली	पुरानी दिल्ली	मोची
4	गोवा	दक्षिण गोवा	मडगांव	टेलर (दर्जी)
5	गुजरात	दाहोद	दाहोद	कारपेंटर (सुथार/बढ़ई)
6	गुजरात	वडोदरा	वडोदरा	मोची/फुटवियर कारीगर
7	गुजरात	अहमदाबाद	साबरमती	टेलर (दर्जी)
8	हरियाणा	सोनीपत	सोनीपत	गोल्डस्मिथ
9	हरियाणा	पानीपत	पानीपत	गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक)
10	हरियाणा	करनाल	करनाल	स्कल्पटर
11	हरियाणा	कुरुक्षेत्र	कुरुक्षेत्र	टेलर (दर्जी)
12	हरियाणा	कुरुक्षेत्र	कुरुक्षेत्र	कारपेंटर (सुथार/बढ़ई)
13	जम्मू और कश्मीर	जम्मू	जम्मू	टेलर (दर्जी)
14	झारखंड	देवघर	देवघर	धातु शिल्पी
15	झारखंड	देवघर	देवघर	धातु शिल्पी
16	झारखंड	गिरिडीह	पारसनाथ	धातु शिल्पी
17	झारखंड	धनबाद	धनबाद	पॉटर (कुम्हार)
18	मध्य प्रदेश	छतरपुर	छतरपुर	गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक)
19	मध्य प्रदेश	इंदौर	इंदौर	स्कल्पटर (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला
20	मध्य प्रदेश	दतिया	दतिया	टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाला/कैंयर बुनकर
21	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	ग्वालियर	स्कल्पटर (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला
22	मध्य प्रदेश	इंदौर	इंदौर	स्कल्पटर (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला
23	महाराष्ट्र	अमरावती	बदनेरा	मोची/फुटवियर कारीगर
24	महाराष्ट्र	मुंबई	बांद्रा	मोची/फुटवियर कारीगर
25	महाराष्ट्र	वर्धा	वर्धा	गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक)
26	महाराष्ट्र	बुलढाणा	शेगांव	कारपेंटर (सुथार/बढ़ई)
27	महाराष्ट्र	नंदुरबार	नंदुरबार	टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाला/कैंयर बुनकर
28	ओडिशा	कटक	कटक	स्कल्पटर (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला
29	पुडुचेरी	पुडुचेरी	पुडुचेरी	गुड़िया और खिलौना निर्माता
30	पुडुचेरी	पुडुचेरी	पुडुचेरी	टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाला/कैंयर बुनकर
31	राजस्थान	जयपुर	गांधीनगर	कारपेंटर
32	राजस्थान	जयपुर	गांधीनगर	पॉटर (कुम्हार)
33	राजस्थान	जयपुर	जयपुर जंक्शन	स्कल्पटर
34	उत्तर प्रदेश	आगरा	आगरा कैंट	मोची/फुटवियर कारीगर
35	उत्तर प्रदेश	कानपुर	अनवरगंज	गुड़िया और खिलौना निर्माता
36	उत्तर प्रदेश	वाराणसी	वाराणसी	गुड़िया और खिलौना निर्माता
37	उत्तराखंड	देहरादून	देहरादून	टेलर (दर्जी)